नकल छाया प्रति आदेश दिनांक 27-05-13 बाबत वाद सं० 07/2013 धारा 143 जे०ज० ए० एल० आर० एक्ट समाजकल्याणकारी समिति द्वारा आशा शाक्य बनाम सरकार मौजा बिशुनपुर हासिलपुर परगना छिबरामऊ तह० छिबरामऊ न्यायालय उपजिलाधिकारी छिबरामऊ-

न्यायालय उपजिलाधिकारी छिबरामऊ,जनपद कन्नौज

वांद सं० 07/2013
समाज कल्याणकारी समिति द्वारा आशा शाक्य
बनाम
सरकार

धारा – 143 जैड ए०एल०आर०एक्ट
मौजा – विशुनपुर हासिलपुर
परगना – छिबरामऊ
तहसील – छिबरामऊ

निर्णय

समाज कल्याणकारी समिति छिबरामऊ जनपद कन्नौज द्वारा प्रबन्धक आशा शाक्य पत्नी श्री बांके बिहारी नि० मो० चौधरियान छिबरामऊ निवासी 1/130 आवास विकास कॉलौनी छिबरामऊ,जनपद कन्नौज द्वारा प्रार्थना पत्र मय शपथ पत्र प्रस्तुत कर याचना की गयी है कि प्रार्थी की भूमि स्थित मौजा विशुनपुर हासिलपुर परगना व तहसील छिबरामऊ की गाटा संख्या 473/3.01 एकड आराजी पर संस्था द्वारा संचालित विद्यालय निर्माणाधीन है तथा कृषि कार्य नहीं हो रहा है। उपरोक्त भूमि पर कृषि कार्य नहीं हो रहा है अर्थात भूमि का प्रयोग गैर कृषि कार्य के लिये हो रहा है । अतः उक्त भूमि को अकृषित घोषित किया जावे।

प्रार्थना पत्र प्राप्त होने पर तहसीलदार छिबरामऊ से जॉच करायी गयी। तहसीलदार छिबरामऊ द्वारा अपनी जॉच आख्या दिनांक 10.4.2013 मय नक्शा नजरी प्रस्तुत कर यह अवगत कराया गया कि उक्त गाटा संख्या 473 रकवा 3.01 एकड स्थित मौजा विशुनपुर हासिलपुर परगना व तहसील छिबरामऊ जनपद कन्नौज की संकमणीय भूमिधरी आराजी है क्षेत्रीय लेखपाल की आख्यानुसार प्रार्थी उक्त भूमि पर काविज है। अतः उक्त भूमि पर कृषि कार्य नहीं होता है। अतः उक्त भूमि को अकृषित घोषित किये जाने की संस्तुति की गयी है अतः उक्त भूमि को धारा 143 ज०वि०अधि० के अन्तर्गत अकृपित घोषित किये जाने हेतु तहसीलदार द्वारा संस्तुति की गयी है। अतः ऐसी स्थिति में प्रश्नगत भूमि को अकृषित घोषित किया जाना उचित प्रतीत होता है।

आदेश

तहसीलदार छिबरामऊ की उपरोक्त आख्या के आधार पर आवेदक की भूमि स्थिति ग्राम विशुनपुर हासिलपुर परगना व तहसील छिबरामऊ जनपद कन्नौज की गाटा संख्या 473 रकवा 3.01 एकड पर कृषि कार्य से असम्बद्व प्रयोजनार्थ प्रयोग करने के कारण अकृपित घोषित किया जाता है। आदेश की एक प्रति तहसीलदार छिबरामऊ को नियमानुसार अभिलेखो में अमलदरामद हेतु व एक प्रति उपनिवन्धक छिबरामऊ को भेजी जावे। बाद आवश्यक कार्यवाही पत्रावली संचित अभिलेखागार की जावे।

सत्य–प्रतिलिपि
27/05/13

Sd.
(दिलीप कुमार त्रिगुणायत)
उपजिलाधिकारी छिबरामऊ

आज दिनांक 27.05.2013 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया ।

क्रमांक 97
टी० मिश्रा

27.05.2013
27.05.2013
दिनांक 27.05.2013
शुल्क 14.00 रु०

उपजिलाधिकारी/उप जिला मजिस्ट्रेट

Sd.
(दिलीप कुमार त्रिगुणायत)
उपजिलाधिकारी छिबरामऊ